हादसा | सवारी ऑटो को टक्कर मार चालक वाहन सहित फरार

# अज्ञात वाहन की टक्कर से एक की मौत, 6 घायल



**निवास, नवभारत।** निवास थाना क्षेत्र के अंतर्गत निवास-बरेला मार्ग पर शुक्रवार को एक भीषण सड़क हादसा हो गया। निवास के साहू मोहल्ला के पास सवारियों से भरे एक ऑटो को पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ऑटो अनियंत्रित होकर सड़क पर ही पलट गया। इस दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि आधा दर्जन लोग घायल हुए हैं।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम हाथीतारा से सवारियां लेकर एक ऑटो निवास के साप्ताहिक बाजार की ओर आ रहा था। जैसे ही ऑटो साहू मोहल्ला के पास पहुँचा, पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। घटना के बाद चीख-पुकार मच गई और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल पहुँचाया गया।

### एक ने मौका स्थल पर ही दम तोड़ा

बताया गया कि इस सड़क हादसे में भागीरथ पिता दशरथ 62 वर्ष, निवासी ग्राम हाथीतारा रैयत की घटना स्थल पर ही दुखद मृत्यु हो गई। हादसे में करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गए और एक गंभीर घायल हो गया। गंभीर घायल में धर्मेंद्र पिता सुखलाल 35 वर्ष, निवासी देवगांव की हालत नाजुक होने के कारण उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। हादसे में अन्य घायलों में रोहणी बाई 35 वर्ष, नान बाई 45 वर्ष, नेकी बाई 50 वर्ष और नन्हे लाल 46 वर्ष का इलाज निवास सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जारी है।

### पुलिस कर रही जांच

घटना की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। टक्कर मारने वाले अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## अधेड़ की जंगल में लटकी मिली लाश

**शहपुरा, डिण्डौरी।** शहपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत संग्रामपुर निवासी एक अधेड़ व्यक्ति की डेढ़ महीने बाद जंगल में फांसी पर लटकी लाश मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त व्यक्ति करीब डेढ़ माह पूर्व घर से बिना बताए निकल गया था। काफी तलाश के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं मिलने पर परिजनों ने शहपुरा थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शुक्रवार को ग्रामीणों ने जंगल में एक शव को पेड़ से फांसी के फंदे पर लटका देखा, जिसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। घटनास्थल पर ही शव का किया गया पोस्टमार्टम-स्थिति को देखते हुए पुलिस ने डॉक्टरों की टीम को मौके पर बुलाया और घटनास्थल पर ही शव का पोस्टमार्टम कराया गया। इसके बाद शव को आवश्यक कार्रवाई के पश्चात परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर आत्महत्या अथवा अन्य कारणों की जांच शुरू कर दी है।

## फिजियोथेरेपी के दौरान छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को एक वर्ष का कारावास

▶ मंडला न्यायालय ने सुनाया फैसला, एससी, एसटी एक्ट और छेड़छाड़ की धाराओं में सजा

**अंजनिया।** विशेष न्यायाधीश एससी, एसटी एक्ट न्यायालय, जिला मंडला द्वारा छेड़छाड़ के एक मामले में आरोपी को दोषी करार देते हुए सश्रम कारावास और अर्थदंड की सजा सुनाई है। न्यायालय ने आरोपी सुधीर साहू 30 वर्ष, निवासी करियागांव अंजनिया को धारा 354 (क) भादस एवं एससी, एसटी एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत 1 वर्ष के सश्रम कारावास और 2000 रुपये के जुर्माने से दंडित किया है।

अभियोजन के अनुसार पीड़िता जो आंशिक रूप से लकवाग्रस्त थी, अपना उपचार कराने बिंझिया स्थित मां नर्मदा फिजियोथेरेपी सेंटर जा रही थी। जब वह महिला थेरेपी करवा रही थी, तब आरोपी सुधीर साहू ने चेहरे की थेरेपी करने के बहाने पीड़िता के साथ अत्यंत आपत्तिजनक और अश्लील हरकत की। पीड़िता के चिल्लाने पर आरोपी मौके से भागने की कोशिश करने लगा। महिला ने अपनी शिकायत में बताया कि आरोपी ने यह जानते हुए भी कि वह आदिवासी समुदाय से है, बुरी नीयत से उसके साथ छेड़छाड़ की।

बताया गया कि पीड़िता की लिखित शिकायत पर थाना कोतवाली मंडला ने अपराध दर्ज कर विवेचना के बाद चालान न्यायालय में पेश किया। विचारण के दौरान अभियोजन पक्ष ने सशक्त साक्ष्य और तर्क प्रस्तुत किए। न्यायालय ने प्रस्तुत सबूतों और गवाहों के आधार पर आरोपी को दोषी पाया। प्रकरण में शासन की ओर से सफल पैरवी सहायक निदेशक अभियोजन एसएस ठाकुर द्वारा की गई। उनके तर्कों से सहमत होते हुए न्यायालय ने आरोपी को जेल भेजने का आदेश जारी किया।

# कान्हा टाइगर में आपसी द्वंद्व में मादा तेंदुए की मौत



▶ पोस्टमार्टम के बाद हुआ अंतिम संस्कार, बाघ द्वारा शिकार की आशंका

**कान्हा/टाटरी।** कान्हा टाइगर रिजर्व के अंतर्गत किसली परिक्षेत्र में गुरुवार की सुबह एक मादा तेंदुए की मौत का मामला सामने आया है। सुबह लगभग 8.30 बजे गश्ती दल को डिगडोला बीट के कक्ष क्रमांक 696 (20) स्थित साजानाला नामक स्थान पर तेंदुए का शव दिखाई दिया। घटना की सूचना मिलते ही वरिष्ठ अधिकारियों ने डॉग स्क्वाड की मदद से घटना स्थल का निरीक्षण किया।

जाँच के दौरान मौके पर बाघ के पदचिन्ह, विष्ठा और घसीटने के निशान पाए गए हैं। मृत मादा तेंदुए के शरीर पर बाघ के दांतों के निशान मिले हैं और चेहरे के पास खून जमा था। प्रथम दृष्टया यह प्रतीत होता है कि बाघ के साथ हुए संघर्ष या हमले के कारण तेंदुए की मृत्यु हुई है। हालांकि तेंदुए के शरीर के सभी अंग सुरक्षित पाए गए हैं।

बताया गया कि मृत तेंदुए का पोस्टमार्टम डॉ. संदीप अग्रवाल कान्हा टाइगर रिजर्व, डॉ. आशीष कुमार वैध पशु चिकित्सक बैहर और डॉ. सुनील गोयल पशु चिकित्सक मोचा के दल द्वारा किया गया। निर्धारित प्रोटोकॉल और एनटीसीए के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए क्षेत्र संचालक रवीन्द्रमणि त्रिपाठी, उपसंचालक पुनीत गोयल और अन्य अधिकारियों व प्रतिनिधियों की उपस्थिति में शवदाह की कार्यवाही पूर्ण की गई। वन विभाग ने निर्धारित नियमों के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है और मामले में अग्रिम जाँच जारी है। पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी भी कराई गई है।

# नर्मदा तटों पर उमड़ा जनसैलाब, दुर्वासा ऋषि आश्रम में भरा मेला



▶ नर्मदा मय हुआ बबलिया क्षेत्र, चकदेही और दुपट्टा घाट पर श्रद्धालुओं ने पूजन कर लिया धर्म लाभ

**बबलिया।** मकर संक्रांति के पावन पर्व पर क्षेत्र के समीपस्थ नर्मदा तटों पर आस्था और उत्साह का अनूठा संगम देखने को मिला। बबलिया क्षेत्र के चकदेही एवं दुपट्टा स्थित माँ नर्मदा तट और पौराणिक दुर्वासा ऋषि आश्रम में आयोजित मेले में हजारों धर्मप्रेमियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

बताया गया कि कड़ाके की ठंड के बावजूद तड़के सुबह से ही श्रद्धालुओं का नर्मदा घाटों पर पहुंचना शुरू हो गया था। श्रद्धालुओं ने मां नर्मदा के पवित्र जल में आस्था की डुबकी लगाई और सूर्य देव को अर्घ्य दिया। स्नान के बाद तटों पर स्थित मंदिरों और विशेषकर दुर्वासा ऋषि आश्रम में श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की।

**क्षेत्रवासियों ने लिया मेले का आनंद**-मकर संक्रांति के अवसर पर यहां लगने वाले पारंपरिक मेले में क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। लोगों ने मेले का भरपूर आनंद लिया और पर्व की परंपरा के अनुसार तिल-गुड़ एवं खिचड़ी का दान कर धर्म लाभ अर्जित किया। घाटों पर भजन-कीर्तन और मां नर्मदा के जयकारों से वातावरण पूरी तरह धर्ममय बना रहा।

## कुंभेश्वर घाट में मकर संक्रांति पर हजारों श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी



**नारायणगंज।** मकर संक्रांति के पावन पर्व पर नारायणगंज क्षेत्र के सुप्रसिद्ध कुंभेश्वर घाट पर आस्था और उत्साह का अनूठा संगम देखने को मिला। तड़के ब्रह्म मुहूर्त से ही नर्मदा तट पर श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। क्षेत्र के हजारों लोगों ने मां नर्मदा के पवित्र जल में डुबकी लगाई और विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर अपने परिवार की सुख-समृद्धि और कुशलता की कामना की। मकर संक्रांति के अवसर पर कुंभेश्वर घाट पर पारंपरिक मेले का आयोजन भी किया गया। मेले में ग्रामीणों ने अपनी आवश्यकता अनुसार घरेलू वस्तुओं और खान-पान की चीजों की खरीदारी की। बच्चों और युवाओं में मेले को लेकर विशेष उत्साह देखा गया। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए ग्राम पंचायत और स्थानीय प्रशासन द्वारा व्यापक इंतजाम किए गए थे। घाट पर सुरक्षा की दृष्टि से टिकरिया पुलिस बल चप्पे-चप्पे पर तैनात रहा। प्रशासन ने कल से ही सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त कर दी थी, जिससे किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। ग्राम पंचायत कुम्हा की ओर से घाट और मेला परिसर में स्वच्छता व अन्य आवश्यक प्रबंध किए गए, जिससे श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा। इस पूरे आयोजन को सफल बनाने में सरपंच अखिलेश मरावी, सचिव दीपचंद साहू, समस्त पंचों और ग्रामीणों का सराहनीय सहयोग रहा। पर्व पर हजारों श्रद्धालुओं ने मां नर्मदा में आस्था की डुबकी लगाकर पुण्य लाभ अर्जित किया।

# ट्रैक्टर लोन के नाम पर हड़पे थे 4 लाख रुपए

मुख्य आरोपी पर पहले से दर्ज हैं कई मामले, पुलिस ने जालसाज गिरोह के 3 सदस्यों को दबोचा



**अंजनिया।** जिले में लोन दिलाने के नाम पर मासूम ग्रामीणों को अपना शिकार बनाने वाले एक गिरोह का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। चौकी हिरदेनगर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए धोखाधड़ी के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

ग्राम गढ़ी निवासी पीड़ित गोपी राम नंदा (57 वर्ष) ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि आरोपी खगेश झारिया ने उसे एचडीएफसी बैंक जबलपुर से 4,09,000/- का ट्रैक्टर ऋण स्वीकृत कराया था। जब पीड़ित ने ट्रैक्टर खरीदने में असमर्थता जताई, तो आरोपी ने खगेश ने 25 नवंबर 2025 को वह राशि पीड़ित के खाते में जमा कराई और फिर आईसीआईसीआई बैंक से ज्यादा लोन दिलाने का लालच देकर अपने दो साथियों, प्रत्येश ठाकुर और सचिन पटेल, को बैंक कर्मचारी बताकर पीड़ित से पूरी रकम वापस ले ली।

**फर्जी रसीद का खेल**-पीड़ित को विश्वास दिलाने के लिए आरोपियों ने एचडीएफसी बैंक की 3 लाख 91 हजार 300 रूपए की फर्जी जमा रसीद थमा दी। धोखाधड़ी का खुलासा तब हुआ जब पीड़ित के खाते से लोन की किश्तें कटने लगीं। बैंक से संपर्क करने पर पता चला कि कोई पैसा जमा ही नहीं किया गया था और थमाई गई रसीद पूरी तरह फर्जी थी। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में पुलिस टीम ने जांच शुरू की और 14 जनवरी को घेराबंदी कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों में खगेश झारिया मुख्य आरोपी, प्रत्येश ठाकुर, सचिन पटेल को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मुख्य आरोपी खगेश के पास से 15 हजार रूपए नगद बरामद किए हैं। शेष राशि की बरामदगी के लिए पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।जांच में सामने आया है कि मुख्य आरोपी खगेश झारिया एक शातिर अपराधी है। उसके विरुद्ध पूर्व में भी कोतवाली, बम्हनी और घुघरी थानों में धोखाधड़ी एवं अमानत में खयानत के कई मामले दर्ज हैं।

# विद्यार्थियों ने जाना जैव विविधता और पारिस्थितिकी तंत्र का महत्व

नारायणगंज महाविद्यालय में पर्यावरण प्रश्नोत्तरी स्पर्धा आयोजित, 14 टीमों के बीच हुआ मुकाबला



**नारायणगंज।** पर्यावरण मंत्रालय के आदेशानुसार एवं पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन के निर्देशानुसार शासकीय महाविद्यालय नारायणगंज में पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम 2025-26 के अंतर्गत एक अंतर-संकाय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय के बीए, बीएससी एवं बीकॉम संकायों के 42 विद्यार्थियों ने 14 अलग-अलग टीमों के रूप में उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।

इको क्लब प्रभारी डॉ. अखिलेश पटेल ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता लाना और उनके ज्ञान को विस्तृत करना था। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों से जल, वायु और मृदा प्रदूषण, पारिस्थितिकी तंत्र, बायोम, प्रदूषकों के प्रकार और जैव विविधता जैसी महत्वपूर्ण थीम पर आधारित प्रश्न पूछे गए। इस शैक्षणिक गतिविधि के माध्यम से विद्यार्थी पर्यावरण के इन गंभीर विषयों पर विशेष ज्ञान अर्जित करने में सफल रहे।

### 15 चरणों में संपन्न हुई स्पर्धा

यह प्रतियोगिता 15 चरणों में संपन्न हुई, जिसमें विद्यार्थियों की तार्किक क्षमता और पर्यावरणीय ज्ञान का परीक्षण किया गया। कड़े मुकाबले के बाद निर्णायक दल द्वारा प्रदर्शन के आधार पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीमों का चयन किया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन में महाविद्यालय के स्पोर्ट्स ऑफिसर निलेश चौरे, डॉ. रश्मि चौबे, डॉ. ज्योति बघेल, डॉ. रितेश झरिया, डॉ. विजया दुबे, डॉ. आरती काछी एवं धारना कनौजिया ने अपना बहुमूल्य योगदान दिया।



# कटिया की टीम बनी विजेता

▶ खैरमाई क्रिकेट क्लब का फाइनल मुकाबला संपन्न, वेद प्रकाश कुलस्ते ने बांटी ट्रॉफी

**नारायणगंज।** नारायणगंज के ग्राम लालीपुर भावल में खैरमाई क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन रोमांचक फाइनल मुकाबले के साथ हुआ। 16 दिसंबर से प्रारंभ हुई इस प्रतियोगिता में जिले की 22 टीमों ने हिस्सा लिया।

फाइनल मुकाबले में कटिया टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में 140 रनों का विशाल लक्ष्य रखा। जवाब में मेजबान लालीपुर की टीम 110 रन ही बना सकी, जिसके परिणामस्वरूप कटिया ने ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। विजेता टीम को 15,501 रुपये व शील्ड और उपविजेता को 7,501 रुपये प्रदान किए गए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मंडला सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते के सुपुत्र वेद प्रकाश कुलस्ते एवं जिला पंचायत सदस्य भूपेंद्र वरकडे उपस्थित रहे। वेद प्रकाश कुलस्ते ने खिलाड़ियों को ट्रॉफी भेंट करते हुए क्षेत्रवासियों को मकर संक्रांति की बधाई दी। जनपद अध्यक्ष आसाराम भारतीय ने हैट्रिक पर 500-500 रुपये के विशेष पुरस्कारों की घोषणा की। इस अवसर पर जयस जिलाध्यक्ष गुलाब सिंह वरकड़े, सरपंच नोहर सिंह मरावी सहित अनेक जनप्रतिनिधि और ग्रामीण उपस्थित रहे।

# नारायणगंज में सांसद विवेक तन्खा का स्वागत, कुम्हा घाट के नवनिर्माण का हुआ भूमिपूजन

नर्मदा तट के विकास को मिली गति, विधायक चैन सिंह ने कुम्हा घाट के लिए दी 5 लाख की राशि



**नारायणगंज।** राज्यसभा सांसद विवेक कृष्ण तन्खा का मंडला प्रवास से लौटते समय नारायणगंज क्षेत्र में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। नारायणगंज के मैली चौराहे पर बड़ी संख्या में जुटे ग्रामीणों और कांग्रेस पदाधिकारियों ने सांसद का अभिनंदन किया।

सांसद श्री तन्खा ने क्षेत्र के ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व के केंद्र कुम्हा घाट पहुंचकर मां नर्मदा की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर उन्होंने घाट के नवनिर्माण के लिए शिलान्यास किया। कार्यक्रम में मौजूद निवास विधायक चैन सिंह बरकड़े ने घाट निर्माण के लिए तत्काल 5 लाख रुपये की राशि देने की घोषणा की और आश्वासन दिया कि भविष्य में घाट के विस्तार और सुविधाओं के लिए और भी निधि उपलब्ध कराई जाएगी।

### घाट निर्माण से मिलेगी सुविधा

कुम्हा घाट का नारायणगंज क्षेत्र में विशेष महत्व है। यहाँ प्रतिवर्ष नर्मदा जयंती और मकर संक्रांति के अवसर पर मेले का आयोजन होता है, जिसमें जिले के विभिन्न जनपदों से हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। पक्के घाट के निर्माण से यहाँ आने वाले भक्तों को काफी सुविधा होगी।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर सांसद विवेक तन्खा और विधायक चैन सिंह बरकड़े के साथ जिला अध्यक्ष अशोक मर्सकोले, मगनलाल सोनी, रघुनंदन विश्वकर्मा, संदीप सोनी, जिला पंचायत सदस्य भूपेंद्र वरकड़े, विपिन रामकुमार सोनी, विपिन छत्रपाल सोनी, नरेश सोनी, हिरदेश साहू, रितेश सोनी, रुपेश अग्रवाल, राजकुमार तेकाम, अखिलेश मरावी, दीपचंद साहू सहित अनेक कांग्रेसी कार्यकर्ता और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## शहीद स्मारक पहुंचे सांसद विवेक तन्खा, सुनी आमजनों की समस्याएं

राजा शंकर शाह और कुंवर रघुनाथ शाह की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



**उदयपुर।** राज्यसभा सांसद विवेक कृष्ण तन्खा अपने अल्प प्रवास के दौरान शुक्रवार शाम जिले के उदयपुर स्थित शहीद स्मारक स्थल पहुंचे। यहाँ उन्होंने अमर शहीद राजा शंकर शाह एवं कुँवर रघुनाथ शाह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर श्री तन्खा ने कांग्रेस संगठन के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और स्थानीय ग्रामीणों से भेंट की। उन्होंने लोगों के बीच जाकर उनकी समस्याओं को विस्तार से सुना और मौके पर मौजूद निवास विधायक चैन सिंह वरकडे को समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।

**स्मारक के विकास की मांग**-कार्यक्रम के दौरान शहीद स्मारक समिति के सदस्यों ने सांसद को क्षेत्र की प्रमुख मांगों से अवगत कराया। ग्रामीणों ने शहीद राजा शंकर शाह एवं कुंवर रघुनाथ शाह प्रांगण में बाउंड्री वॉल और एक स्थायी मंच निर्माण की स्वीकृति प्रदान करने का आग्रह किया, ताकि भविष्य में होने वाले आयोजनों में सुविधा हो सके।

**ये रहे उपस्थित**-इस अवसर पर निवास विधायक चैन सिंह वरकडे, सम्मति सैनी, अरविंद तिवारी, अजमेर गौठरिया, राजेंद्र पुट्ठा, जिला सदस्य भूपेंद्र वरकडे, आरएस जैसवाल, जिला उपाध्यक्ष इकबाल अहमद, बलदेव सिंह परते, राम जी मरावी, चुंगन मार्को, गोविन्द कछवाहा, शंकर मरावी, जीतू परते, कमल परते और उपराव सिंह सहित ब्लॉक कार्यकारिणी के समस्त कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।